Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Government efforts for election of new Vice-Chancellor for AMU and JMI University.

KUNWAR DANISH ALI: Hon. Speaker, Sir, I thank you very much for allowing me to raise an urgent important issue regarding the Central universities. सर, यह देखने में आया है कि पिछले कई वर्षों से लगातार केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अंदर न तो छात्र संघों के चुनाव हो रहे हैं और जहां पर टीचर्स संघ हैं, उनको भी एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा भंग किया जा रहा है। कोविड के दौरान जिस तरीके से हॉस्टल्स बंद किए गए, अभी तक कई जगह हॉस्टल्स भी पूरी तरह से नहीं खोले गए हैं। दो विश्वविद्यालयों, जिनसे मेरा ताल्लुक रहा है, जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि वहां पर आज ऐसी ही स्थिति है। मैंने पिछले वर्ष यह सवाल उठाया था कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में जो कोर्ट के इलेक्शंस होने हैं, वे नहीं हुए हैं। इसके चलते वहां नये वाइस चांसलर का भी अपॉइंटमेंट रुका हुआ है। मंत्री जी ने मुझे एश्योरेंस दिया था और कहा था कि कोविड की वजह से यूनिवर्सिटी प्रशासन इलेक्शन नहीं करा पाया है। कोविड खत्म हो गया, सारे काम हो रहे हैं, अभी तक यूनिवर्सिटी कोर्ट्स के इलेक्शन नहीं हुए हैं, इसलिए नये वाइस चांसलर का प्रॉसेस स्टार्ट नहीं हो पाया है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से यही मांग है कि वह इस संबंध में दिशा-निर्देशित करे।… (व्यवधान)

[کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، یہ دیکھنے میں آیا ہے کہ پچھلے کئی سالوں سے لگاتار مرکزی یونیورسٹیوں میں نہ تو چھاتر سنگھوں کے چناؤ ہو رہے ہیں، جہاں پر ٹیچرس سنگھ ہیں، ان کو بھی ایڈمنسٹریشنس کے ذریعہ بھنگ کیا جا رہا ہے، اور کووِڈ کے دوران جس طریقے سے ہاسٹلس بند کئے گئے، ابھی تک کئی جگہوں پر ہاسٹلس بھی پوری طرح سے نہیں کھولے گئے ہیں. میں دو یونیورسٹیوں، جن سے میرا تعلق رہا ہے، جامعہ ملیہ اسلامیہ اور علی گڑھ مسلم یونیورسٹی کے بارے میں، میں کہنا چاہتا ہوں کہ وہاں پر آج ایسی ہی حالت ہے. میں نے پچھلے سال یہ سوال اُٹھایا تھا کہ علی گڑہ مسلم یونیورسٹی میں جو کورٹ کے الیکشنس ہونے ہیں، وہ نہیں ہوئے ہیں. اس کے چلتے وہاں نئے وائس چانسلر کا اپوئنمنٹ بھی رُکا ہوا ہے. منتری جی نے مجھے یقین دلایا تھا کہ اور کہا تھا کہ کووِڈ کی وجہ سے یونیورسٹی انتظامیہ الیکشن نہیں کرا پایا ہے. کووِڈ ختم ہو گیا، سارے کام ہو رہے ہیں، لیکن ابھی تک یونیورسٹی کورٹس کے الیکشن نہیں ہوئے ہیں، اس لئے نئے وائس چانسلر کا پروسیس شروع نہیں ہو پایا ہے.

میری آپ کے ذریعہ سرکار سے مانگ ہے کہ وہ اس سلسلے میں دِشا نِردیشِت کرے.. (مداخلت)... شکریہ..]